## अवैध गतिविधियों को रोकने एवं हुरदंगियों पर नजर रखने जिले में जगह जगह तैनात रहेगा पुलिस बल

# धुरेड़ी आजः पिचकारियों से बरसेगा रंग, उड़ेगा गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

रंगों का महापर्व होली आज मनाई जाएगी। गुरूवार की रात शहर सहित ग्रामीण अंचलों में जगह जगह होलिका दहन किया गया। इसके साथ ही रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे को पर्व की बधाई दी गई। होली पर्व को लेकर लोगों में उत्साह नजर आ रहा है। होली पर्व को लेकर बाजार में लोगों की चहल पहल बनी रही। गुरूवार की रात होलिका दहन कर होली की शुरुआत हो गई। आज धुरेड़ी पर्व को लेकर बच्चे से युवाओं में होली को लेकर खुशी का माहौल नजर आ रहा है। नगर में कई जगह होली मिलन समारोह, तो कहीं मंदिरों में ढोलक की थाप तथा झाल की झंकार पर फगुआ गाकर लोग होली त्योहार का आनंद उठा रहे हैं। बच्चों में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। बच्चे अभिभावकों के साथ रंग-अबीर व पिचकारियों की दुकानों में खरीदारी करते नजर आये। खरीदारी के लिए दुकानों पर देर शाम तक भीड़ लगी रही। इसके अलावा कुर्ते-पायजामे व रेडिमेड कपड़ों की दुकानों सहित मिष्ठान प्रतिष्ठानों पर भी लोगों की काफी भीड़ नजर आई। हर कोई होली की तैयारियों में जुटा रहा। खरीदारी के लिए ग्राहकों की भीड़ जुटी रहीहै। लोग अपने-अपने पसंद के मुताबिक रंग, गुलाल व पिचकारी की खरीदारी करते नजर आए।







होलिकोत्सव के मौके पर तीन दिवसीय अवकाश होने से खुशियां दोगुनी हो गई है। खासकर नौकरी पेशा व व्यापारी वर्ग युवा वर्ग होली को यादगार बनाने की पुरजोर कोशिश में है।

होली पर्व के दौरान हुल्लड़बाजों एवं बदमाशों पर नजर रखने शहर सहित ग्रामीण अंचलों में पुलिस की चौकस निगाहें है। पर्व के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने जगह जगह पुलिस बल तैनात किया गया है।

### विशेष सावधानी बरतें

होलिका दहन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। होलिका दहन में कई जगहों पर प्लास्टिक, टायर व अन्य सामग्री जलाने से न केवल वायु प्रदूषण होता है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बुरा असर पड़ता है । प्रशासन अपील पर इस वर्ष शहर के अधिकांश जगह गोबर के उपले की होली जलाई गई। कीचड़- मिट्टी एवं रंग - गुलाल खेलने के दौरान विशेष सावधानी बरतने की जरुरत है। थोड़ी सी चूक के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। रंग - गुलाल लगाने के दौरान आंखों की सुरक्षा का ख्याल रखा जाना चाहिए। अन्यथा आंख की रोशनी जा सकती है।

### होली पर्व की पौराणिक कथा

होली का त्यौहार प्रहलाद और होलिका की कथा से भी जुडा हुआ है। प्रहलाद के पिता हिरण्यकश्यपु नास्तिक थे। वह चाहते थे कि उनका पुत्र भगवान नारायण की आराधना छोड़ दे। परन्तु प्रहलाद इस बात के लिये तैयार नहीं था। हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को प्रहलाद के साथ आग में बैठने को कहा। होलिका को यह वरदान प्राप्त था कि वह आग में नहीं जलेगी। परन्तु होलिका का यह वरदान उस समय समाप्त हो गया जब उसने भगवान भक्त प्रहलाद को आग में जलाने करने का प्रयत्न किया। होलिका अग्नि में जल गई परन्तु नारायण की कृपा से प्रहलाद का बाल भी बांका नहीं हुआ।

## खबर संक्षेप

### त्योहार के मद्देनजर कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की लगी डयूटी

**कटनी।** जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर 14 मार्च को होली धुरेड़ी और 15 मार्च को भाई दूज के त्योहार के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखनें के उद्धेश्य से कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों की डयूटी लगाई गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी इस संबंध के आदेश के तहत संपूर्ण व्यवस्था का प्रभारी एस.डी.एम कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा को बनाया गया है। जबकि तहसीलदार कटनी शहर बी.के. मिश्रा, तहसीलदार कटनी ग्रामीण अजीत तिवारी, नायब तहसीलदार पहाड़ी अतुलेश सिंह और अतिरिक्त तहसीलदार कटनी को अपने अपने तहसील क्षेत्र के तहत कार्य संपादन हेतु 13 से 15 मार्च तक त्योहार के मद्देनजर डयूटी लगाई गई है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजयराघवगढ़, बहोरीबंद और ढीमरखेड़ा को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अनुविभाग और तहसील क्षेत्र अंतर्गत कार्यपालिक मजिस्ट्रेट की डयूटी लगाना सुनिश्चित करें।

### 72 उपार्जन केन्द्रों में कल शुरू होगी खरीदी

**कटनी।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन कार्य आगामी 31 मार्च तक समस्त कार्य दिवसों में (रविवार एवं शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जायेगा। किसानों की सुविधा हेतु 600 से अधिक एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर पर एवं लोकसेवा केन्द्रों पर निजी संस्थाओं के माध्यम से पंजीयन किए जा रहे हैं। गेहूं पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च नियत की गई हैं। जिले के 72 गेहूं उपार्जन केन्द्रों में 15 मार्च से गेहूं खरीदी का कार्य प्रारंभ हो रहा है, जो 5 मई तक चलेगा। इस वर्ष 2025-26 में भारत सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए तय किया गया है एवं राज्य शासन द्वारा किसानों को 175 रुपए प्रति क्विंटल के मान से बोनस का भुगतान किया जायेगा। इस प्रकार कुल 2600 रुपए में किसानों से गेहूं क्रय किया जाएगा। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के समस्त किसानों से अपील की है कि वे गेहूँ उपार्जन हेतु शीघ्रता से पंजीयन करा लेवें।

### कार की टक्कर से बाइक सवार प्रौढ़ की मौत

**कटनी।** सड़क हादसे में एक प्रौढ़ की मौत हो गई। हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर स्लीमनाबाद के कोहका मोड़ बायपास पर हुआ। जानकारी के अनुसार ग्राम सलैया प्यासी निवासी ब्रजमोहन मिश्रा कामकाज के लिए छपरा जाने घर से मोटरसाइकिल से निकला था। जैसे वह बाईपास मार्ग पर पहुंचा अचानक कटनी की ओर से जबलपुर की ओर जा रही कार क्रमांक एमपी 19 एमबी 4849 ने मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 21 एमपी 7912 की जोरदार भिड़ंत हो गई। बाइक सवार दूर जा गिरा व लहूलुहान हो गया। घटना की जानकारी स्लीमनाबाद पुलिस को दी गई। घटना स्थल पहुंची पुलिस ने घायल को स्लीमनाबाद भेजा जहां उसकी मौत हो गई।

## 97 केन्द्रों में हुई परीक्षा, डीईओ एवं उड़न दस्ता दल ने किया निरीक्षण

*15294 परीक्षार्थी हुए शामिल, नहीं बना नकल का प्रकरण*

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जिले में कक्षा 10वीं एवं 12वी बोर्ड की परीक्षाएं शांतिपूर्ण तरीके से संचालित हो रहीं है।

### 293 छात्र रहे अनुपस्थित

माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार 13 मार्च को हई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 25 अंतर्गत कक्षा 10 वीं के सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा जिले के 97 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हुई। परीक्षा के दौरान दर्ज 15587 परीक्षार्थियों में से 15294 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 293 परीक्षार्थी परीक्षा के दौरान अनुपस्थित पाए गए।



### औचक निरीक्षण किया

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बोर्ड परीक्षाओं के निरीक्षण के लिए नियुक्त किए गए अधिकारियों एवं गठित दल द्वारा गुरुवार को परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर संचालित परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधि भी समस्त परीक्षा केंद्रों में मौजूद रहे।

### नहीं बना कोई प्रकरण

गुरुवार को आयोजित परीक्षा के दौरान डीईओ पृथ्वी पाल सिंह द्वारा जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल बरही, जी जी हायर सेकंडरी स्कूल बरही, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल गैरतलाई, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल इटौरा के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा मंडल के निर्देशों अनुरूप एवं शांतिपूर्ण पाई गई। गुरुवार को आयोजित परीक्षाओं के दौरान किसी भी परीक्षा केन्द्र में एक भी नकल का प्रकरण नहीं बना।

## डोर टू डोर जाकर हितग्राहियों का किया जा रहा चयन



जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत के निर्देश पर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के आवास प्लस टू के तहत डोर टू डोर जाकर नियुक्त सर्वेक्षक दलों द्वारा पात्र हितग्राहियों का चयन कर सर्वे सूची में नाम जोड़े जाने की कार्यवाही प्रचलन में है। जिला पंचायत सीईओ द्वारा नामांकित पंचायत समन्वय अधिकारियों, सहायक विकास विस्तार अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों के सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों के समन्वय से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्थल परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों का चयन किए जाने की प्रक्रिया जारी है। उल्लेखनीय है कि जिला पंचायत सीईओ ने 31 मार्च तक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा निर्धारित पात्रता के मापदंडों के अनुसार हितग्राहियों का चयन कर समस्त वांछित कार्यवाही पूर्ण कराए जाने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं।

## आग का गोला बनी कार, जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

चलती कार में अचानक से धुंआ उठने लगा और देखते ही देखते पूरी कार आग के शोलो में बदल गई। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते कार से बाहर निकलकर अपनी जान बचा ली। यह घटना थाना माधव नगर गेट के पास हुआ। कार में आग लगने की घटना की वजह से सड़क पर जाम लग गया है। कार जलकर खाक हो गयी।

बताया जाता है कि माधव नगर गेट पर यातायात एवं माधवनगर थाने की टीम द्वारा वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही थी चैकिंग दौरान एक हुंडई कार क्रमांक MP 18 C 7533 जैसे ही माधवनगर गेट पर पहुंची तो कार का चालक कार से उतरकर चैकिंग स्टाफ के पास आकर बोला कि हमें आपकी मदद की जरूरत है, गाड़ी में अचानक धुंआ निकल रहा है जैसे है स्टाफ कार के पास पहुंचा तो कार में आग लग गई और कार पूरी तरह से आग का गोला बन गईं। घटना की जानकारी वायरलेस सेट के माध्यम से कंट्रोल को सूचना दी गई।



### नहीं हुई कोई जनहानि

कार में आग लगने से राहगीरों एवं वाहन चालकों द्वारा जलती हुई कार की वीडियो एवं फोटोग्राफी की जा रही थी जिससे जाम की स्थिति निर्मित हुई। सूचना पर थाना प्रभारी यातायात राहुल पाण्डेय, थाना प्रभारी माधवनगर अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंच कर स्थिति को नियंत्रण में लिया। जाम खुलवाया गया एवं फायर ब्रिगेड ने आग को काबू किया। उक्त घटना में किसी भी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

## शहर में सुबह से लेकर देर रात तक चहल पहल से बाजार रहा गुलजार

*रंग गुलाल, कपड़ा मिष्ठान दुकानों में लगी रही भारी भीड़*

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

होली पर्व को लेकर गुरूवार को बाजार में सुबह से ही लोगों की भीड़ नजर आई। दिन भर लोग खरीदारी करते नजर आये। देर शाम तक दुकानों में भीड़ बनी रही। नगर के मुख्य मार्ग सहित बाजार क्षेत्रों में भीड़ की वजह से आवागमन भी कछुआ चाल से चलता रहा। रंग गुलाल से लेकर नमकीन व मिष्ठान दुकानों के साथ साथ कपड़ा बाजार में भी खासी चहल पहल रही।

होली पर नए कपड़े पहनकर होली मिलन की परंपरा है। पुरुष दुकानों पर पहुंचकर जींस, पेंट, शर्ट, टीशर्ट, कुर्ता-पायजामा खरीद रहे थे तो महिलाएं साड़ियां, लहंगा और युवतियां व किशोरियां जींस टॉप सहित अन्य परिधान खरीदतीं दिखीं। बच्चों से लेकर युवा रंग-गुलाल, पिचकारी, गुब्बारे, मुखौटे, रंग-बिरंगे बालों की कैप आदि खरीदने में व्यस्त रहे। इसके अलावा घरों में मिष्ठान बनाने के लिए लोग मावा लेने भी पहुंचे। मांग अचानक बढ़ने से खोवा के दाम भी चढ़ गए। मिठाई विक्रेताओं के अनुसार ग्रामीण क्षेत्र से दूध की आवक कम होने से मावा के दाम में उछाल आया है। नमकीन, ड्राई फ्रूट्स और शीतल पेय पदार्थों की बिक्री भी खूब हुई। होली पर मेहमानों की खातिरदारी के लिए तरह-तरह की नमकीन, सूखे मेवों और ठंडाई की तैयारी लोगों ने की।



सुबह से लेकर देर रात तक लोगों ने पूजा के लिए सामग्री खरीदी। जौ को होली की पूजा में विशेष महत्व दिया जाता है। फसल को ईश्वर को अर्पित करना इसका मंतव्य है। गांव में भले ही लोगों को अपने खेतों से जौ आसानी से मिल जाते हैं, लेकिन शहर में लोगों को पूजा के लिए इन्हें बाजार में तलाशना पड़ा।

### आवागमन की कछुआ चाल

त्यौहारी भीड़ के चलते नगर के मुख्य मार्ग सहित बाजार क्षेत्रों में आवागमन की कछुआ चाल रही। लोग खरीददारी करते हुए धीरे धीरे आगे बढ़ रहे थे। पुलिस कर्मी भी व्यवस्थाएं बनाने सक्रिय रहे।

## समीक्षा बैठक में जिपं सीईओ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# लेबर बजट में वांछित प्रगति नहीं होने पर सीईओ ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏩ कटनी

श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराते हुए लेबर इंगेजमेंट में वृद्धि करने हेतु हर संभव सार्थक प्रयास करें। निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति हेतु बेहतर कार्य योजना तैयार कर वांछित परिणाम लाया जाना सुनिश्चित करें। इस आशय के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत ने गुरुवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए।

समीक्षा करते हुए जिला पंचायत के सीईओ श्री गेमावत ने पुराने वर्षों के पूर्ण निर्माण एवं विकास कार्यों की सीसी जारी करने, सामग्री और मजदूरी के लंबित ट्रांजेक्शन, समयबद्ध भुगतान, सामग्री देयकों को इसी मासान्त तक पोर्टल पर फीड करने और सामाजिक अंकेक्षण के लंबित मुद्दों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने लेबर बजट की समीक्षा करते हुए वांछित लक्ष्य की प्रगति समाधान कारक नहीं पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जनपद पंचायत कटनी, रीठी, विजयराघवगढ़ और बड़वारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को तत्परतापूर्वक मानव दिवसों में प्रगति लाने निर्देशित किया। जिन श्रमिकों के 80 से 90 मानव दिवस पूर्ण हो चुके हैं उनके मस्टर रोल जारी करते हुए वित्तीय सत्र की समाप्ति के पूर्व सौ मानव दिवस का रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया। नियत समय में लक्ष्य पूर्ति नहीं किए जाने की दशा में आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु अधिकारियों को सचेत किया। समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा योजना के अंतर्गत सामग्री के लंबित देयक 31 मार्च तक पोर्टल पर फीड कराया जाना सुनिश्चित करें। विगत पुराने वर्षों के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करते हुए सीसी जारी करें। जिला पंचायतके सीईओ गेमावत ने जनपद पंचायतों के सीईओ और मनरेगा के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत जिन पात्र हितग्राहियों की आवास स्वीकृत होकर प्रथम किस्त जारी हो चुकी है, वर्क कोड आदि प्रदर्शित हो रहा है तो मस्टर रोल जारी कर श्रमिक नियोजन में वृद्धि हेतु हर सार्थक प्रयास करें। समीक्षा बैठक में मनरेगा के परियोजना अधिकारी ऋषिराज चढ़ार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं तकनीकी अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।



## जिले के पर्यटन स्थलों को बढावा देने हेतु बैठक 17 को

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के प्रमुख स्मारकों एवं पर्यटन स्थलो को बढावा देने, पर्यटन की संभावनाएं तलाशने तथा पर्यटन से संबधित अन्य विषयो पर चर्चा हेतु 17 मार्च को दोपहर 3.30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार मे बैठक आयोजित की गई है आयोजित बैठक मे पुलिस अधीक्षक, वन मंडलाधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, आयुक्त नगर निगम, अधीक्षक भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, उपसंचालक पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय पूर्वी क्षेत्र जबलपुर, डिप्टी कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी, बहोरीबंद एवं विजयराघवगढ़, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, आरईएस एवं जलसंसाधन विभाग, जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र,अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी सहित अध्यक्ष मानव जीवन विकास समिति ग्राम बिजौरी, संयोजक इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एण्ड कल्चरल हेरीटेज से निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होना का आग्रह किया गया है।




## खबर संक्षेप



### किसान भाई 17 मार्च तक करा सकते हैं पंजीयन

**कटनी।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास ने बताया है कि समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए चना, मसूर एवं सरसों के उत्पादक किसान भाई अब 17 मार्च 2025 तक अपना पंजीयन करा सकते हैं। शासन ने किसानों के हित को देखते हुए समर्थन मूल्य पर पंजीयन की तिथि 10 मार्च से बढ़ाकर 17 मार्च कर दी है। पंजीयन से शेष रहे किसान भाई अपना पंजीयन अविलंब कराएं और लाभ कमाएं। जिले में पंजीयन का काम जिले की प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों एवं एमपी किसान एप पर निःशुल्क कराया जा सकता है। किसान भाई इसके अलावा एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं सायबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन करा सकते हैं। उप संचालक किसान कल्याण एवं कृषि विकास ने बताया कि राज्य शासन द्वारा चने का समर्थन मूल्य 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल व सरसों का समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। किसान भाईयों से समर्थन मूल्य का लाभ उठाने के लिये अपना पंजीयन कराने की अपील की गई है। पंजीयन इसलिये भी जरूरी है कि यदि मंडी के भाव गिरने पर किसान भाई तभी समर्थन मूल्य पर अपनी उपज बेच पायेंगे यदि उन्होंने पहले से ही अपना पंजीयन कराया होगा।

### स्वच्छ भारत मिशन द्वारा स्वच्छता रील प्रतियोगिता

**कटनी।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा ''स्वच्छ एमपी रील्स प्रतियोगिता'' का आयोजन किया जा रहा है। रील वीडियो लिंक शेयर करने की अंतिम तिथि 15 अप्रैल 2025 तक है। राज्य स्तरीय रील्स प्रतियोगिता की थीम ''कचरा नहीं, यह कंचन है इसे अलग-अलग करें और पैसा कमाएँ'' पर केन्द्रित विषय - मध्यप्रदेश के विभिन्न ग्राम का उचित अपशिष्ट प्रबंधन पर रील्स बनाना है, जिनके मुख्य 03 विषय हैरू- गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखना एवं उचित निपटान, कचरे का दोबारा उपयोग तथा खुले में कचरा नहीं फेंकना विषय पर बना सकते हैं। इसमें से किसी भी एक विषय पर रोचक रील तैयार करें। अपनी रील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म (एक्स, यूट्यूब, फेसबुक) पर ज्यादा से ज्यादा शेयर करें। रील को पर सबमिट करके प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। पांच सबसे अधिक वायरल रील बनाने वाले प्रथम विजेता को 2 लाख रूपये, द्वितीय एक लाख, तृतीय 50 हजार तथा 2 सांत्वना 25-25 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिये लिंक पर विजिट कर सकते हैं।

### रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 20 को

**कटनी।** जिला रोजगार अधिकारी डी के पासी ने बताया है कि गुरूवार 20 मार्च को जिला रोजगार कार्यालय कलेक्ट्रेट के कमरा नबर 125 में प्लेसमेन्ट ड्राइव का आयोजन किया गया है। जिसमें फ्रीडम एम्पलाए एबिलिटी एकेडमी द्वारा साक्षात्कार रखा गया है। प्लेसमेंट ड्राइव में योग्यता स्नातक से स्नाकोत्तर पास कम्प्यूटर एवं अंग्रेजी का ज्ञान रखने वाले आवेदक साक्षात्कार में उपस्थित हो सकते हैं। ऐसे इच्छुक आवेदक जिनकी आयु 18 वर्ष से 45 वर्ष के बीच हो 20 मार्च को सुबह 11 बजे से साक्षात्कार में उपस्थित हो सकतें है। साक्षात्कार हेतु अंकसूची, आधार कार्ड, 02 फोटो, पेनकार्ड एवं बायोडाटा साथ लेकर उपस्थित होना अनिवार्य है। चयनित उम्मीदवारों को कन्हवारा, पहाडी, हिरवारा, जोहली, कौडिया, कैलवारा खुर्द, जरवाही, देवरीहटाई, पडुवा, चाका, पडरिया, कटंगी कलॉ, शाहपुरा, जॉबी कलों, बिचुआ, गुलवारा, जोहला आदि स्थानों पर कार्य करना होगा। प्रतिमाह 13 हजार रूपये वेतन दिया जायेगा।

## आबकारी अमले द्वारा बहोरीबंद वृत के तीन गांवों में की गई कार्यवाही

# एक लाख रूपए की कच्ची शराब और लाहन किया जब्त, 7 पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आबकारी अमले द्वारा बहोरीबंद क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने एवं विक्रय करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। जिला आबकारी अधिकारी आर के बघेल ने बताया कि जिले में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आबकारी विभाग की टीम द्वारा आबकारी वृत्त बहोरीबंद के ग्राम रैपुरा हार, ढुडारी हार, करहैया में दबिश दी जाकर अवैध रुप से मदिरा का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही की गई।

इस कार्यवाही के दौरान लगभग 35 लीटर अवैध भट्टी मदिरा एवं 965 किलोग्राम महुआ लाहन को मौके पर जब्त किया जाकर महुआ लाहन का सैंपल लिया जाकर मौके पर नष्ट करने की कार्यवाही की गई। जप्त मदिरा एवं लाहन की अनुमानित राशि लगभग 1 लाख 2 हजार रूपये है। दबिश की कार्यवाही के दौरान कुल 7 न्यायालयीन प्रकरण आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क एवं च के पंजीबद्ध किये गये।

कार्यवाही के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी, आबकारी उपनिरीक्षक अभिषेक सिंह बघेल, महेन्द्र कुमार शुक्ला, केशव प्रसाद उइके , कृष्ण कूमार पटेल, आबकारी आरक्षक राजेश गौटिया एवं नगर सैनिक उमेश मिश्रा, सचिन दुबे, ज्ञानेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, सम्मिलित रहे। जिला आबकारी अधिकारी श्री बघेल ने बताया कि अवैध मदिरा के संग्रहण परिवहन विक्रय निर्माण रोकथाम हेतु इस प्रकार की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।





### सलैयाखुर्द में कार्यवाही

बाकल थाना पुलिस ने ग्राम सलैयाखुर्द में कार्यवाही करते हुए अवैध शराब जब्त की। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने पप्पी बाई बसोर पति सुखचैन बसोर उम्र 35 साल नि.सलैयाखुर्द के कब्जे से 4 लीटर कच्ची शराब, आरोपिया तिज्जो बाई पति संजय बंशकार उम्र 25 साल नि. सलैयाखुर्द के कब्जे से 5 लीटर कच्ची महुआ शराब, संजय बंशकार पिता रमेश बंशकार उम्र 29 साल नि.सलैयाखुर्द के कब्जे से 04 लीटर कच्ची महुआ शराब, खेत चौधरी पिता समनुआ चौधरी उम्र 60 साल नि.सलैयाखुर्द के कब्जे से 05 लीटर कच्ची महुआ शराब, अमर सिंह पिता लाल सिंह उम्र 55 साल निवासी सलैयाखुर्द के कब्जे से 04 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की। कुल 5 आरोपियो से 22 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की गई।

थाना बाकल अंतर्गत होली एवं रमजान पर्व को मद्देनजर लोगो को होली में रासायनिक रंगों के प्रयोग न करने, तेज आवाज में संगीत न बजाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देंने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट न डालने एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देनें की समझाईस दी गई।

# चेकिंग अभियान के दौरान पकड़ा गया शातिर बदमाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

माधव नगर पुलिस के द्वारा वाहनों की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस का हूटर बजाते एवं गाड़ी लहराते एक युवक पकड़ा। पूछताछ करने पर वह एक शातिर बदमाश निकला। पुलिस ने उसे जीआरपी के हवाले कर दिया गया।

थाना प्रभारी रूपेन्द्र राजपूत ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार निजी वाहनो में हूटर, फ्लैश लाईट, वीआपी स्टीकर एवं गलत नम्बर प्लेट का दुरूपयोग करने वाले अनाधिकृत वाहनों व निजी वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु आदेश जारी किये गये हैं। पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन, डॉ संतोष डेहरिया अति. पुलिस अधीक्षक, ख्याती मिश्रा नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में वाहन चेंकिग अभियान के तहत माधवनगर गेट में हूटरबजा कर हुल्लड़ मचाते हुए एक युवक को पकड़ा और कार्यवाही की।

थाना प्रभारी ने बताया कि होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुये वाहन चेकिंग की जा रही थी। उसी दौरान वाहन चालक विष्णु यादव पिता दिनेश यादव उम्र 30 वर्ष निवासी सरस्वती स्कूल के पास अपनी मोटर सायकल लहराते एवं हूटर बजाते हुये वाहन क्रमांक MP 19 ZC 7334 का चालक हूटर बजाते हुये मोटर सायकल निकाल रहा था। जिसे पुलिस ने रोका और मोटर साईकल में लगे हूटर के संबंध में वैधानिक दस्तावेज के बारे में पूछा। हूटर के संबंध में एवं वाहन के अन्य कोई दस्तावेज नही होने के कारण वाहन चालक पर धारा 185/4 mpmvr, 146/196, 3/181, 129/164(D) मो० व्ही० एक्ट के तहत कार्यवाही की। वाहन चालक विष्णु यादव से पूछताछ करने पर वह गोल-मोल बाते करने लगा। जिससे सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि वह थाना जीआरपी जिला कटनी के अपराध क्रमांक 1203/2024 धारा 304(2),305 (सी) बीएनएस. में एवं अन्य चोरी एवं लूट जैसे मामलों में फरार है। जिसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को एवं जीआरपी थाना जिला कटनी को सूचित कर जीआरपी कटनी पुलिस के सुपुर्द किया गया।

कार्यवाही में उनि रूपेन्द्र राजपूत, के नेतृत्व में सउनि बहाव खान, प्रधान आरक्षक आकेश तिवारी, प्रधान आरक्षक कृष्णकुमार तिवारी, आरक्षक पंकज यादव, आरक्षक दिग्विजय पाण्डेय, आरक्षक अनूप सिंह, आरक्षक अमित पाण्डेय, आरक्षक विनोद विश्वकर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित

# हत्या के अलग अलग मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

हत्या के मामले में न्यायालय विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम ने धारा 302, 201, 120 बी, 364 एसटी/एसटी के प्रकरण में तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास से दंडित किया है। चौथा आरोपी फरार है। पैरवी विशेष लोक अभियोजक जियालाल चौधरी ने की। घटना बरही थाना केन्द्र के करौंदी के जंगल में कटाव नाले के समीप की वर्ष 2022 की है। यहां पर शराब पीने के दौरान विवाद में संतोष कोल की हाथ-घुसों और डण्डे से मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद लाश को पानी भरे नाले में फेंकते हुए डण्डे को छिपा दिया गया था। जिसमें चारों को आरोपी बनाया गया था। अभियुक्त लाला उर्फ ब्रजेश बर्मन एवं उत्तम उर्फ बिंदू केवट को धारा 302/34 के तहत आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। धारा 201 में 7 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया है।

एससी/एसटी की धारा में आजीवन कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड लगाया गया है। इसी एससी/एसटी के अन्य धारा में 7 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है। अर्थदण्ड राशि नहीं चुकाने पर 2 से 3 वर्ष सश्रम कारावास का दण्ड भुगतना होगा। रघुवीर कोल को धारा 302 में आजीवन कारावास एवं धारा 201 में 7 वर्ष सश्रम कारावास के साथ 10 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया है। चौथा आरोपी बुद्धसेन केबट फिलहाल फरार है।

इसी तरह चतुर्थ अपर सत्र न्यासयाधीश कटनी एस.पी.एस. बुंदेला ने गरीबा कोल को लोहे की रॉड से मार कर हत्या करने के में दोषी पाते हुए आरोपी रामजी को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी के.के. तिवारी, अपर लोक अभियोजक कटनी द्वारा की गई। मीडिया सेल के प्रभारी सुरेन्द्रे कुमार गर्ग द्वारा बताया गया कि, 16 जनवरी 2022 की यह घटना कुठला थाना अंतर्गत बंगला टोला पुरैनी की है। गरीबा कोल खेत से ट्रैक्टर में लकड़ी एवं गेहूं लेकर घर आया। इसके बाद रामजी कोल के घर की बाड़ी के पास कचरा समेट कर इकट्ठा करने लगा। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोपी रामजी ने लोहे की राड से हमला कर दिया। इसके साथ ही अन्य तरह से घातक प्रहार किया। घर के सदस्यों और ग्रामीणों ने बीच-बचाव किया। इलाज के लिए अस्पताल लेकर गए। जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 302 के तहत मामला कायम किया था।

## ग्रामीण अंचलों में होली पर्व को लेकर दुकानों में रही भीड़



होली पर्व को लेकर युवाओं में ज्यादा उत्साह है। 13 मार्च गुरुवार की रात को होलिका दहन होने के बाद आज शुक्रवार को धुरेड़ी है। होली पर युवाओं ने जगह जगह होलिका दहन किया। उमरियापान के कुदबारी मोहल्ला में तो छोटे छोटे बच्चों ने होलिका रखी है। झंडा चौक, कटरा बाजार, ग्राम पंचायत परिसर, अँधेली बाग, डोली मोहल्ला, मुड़यिा पुरवा, बाजार मोहल्ला, नई बस्ती सहित अलग अलग पर होलिका दहन हुआ। इसके अलावा जगह जगह रंग गुलाल की दुकानें भी लगी है। छोटे बच्चे रंग गुलाल के अलावा तरह तरह मुख़ौटा,पिचकारी और बंदूकों की खरीदी कर रहे है।पंडित मोहित पौराणिक ने बताया कि होली की रात मंत्र जप करने से पूजा सफल हो जाती है। भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है।इस कारण अपने इष्टदेव की पूजा और मंत्र जाप करने की परंपरा है।वहीं पंडित अमित शास्त्री ने बताया कि होलिका दहन के बाद जो राख मिलती है, वह बहुत पवित्र होती है।होली की राख को पानी में मिलाकर स्नान करने से कुंडली के ग्रह दोषों का असर कम होता है।

## शांतिपूर्वक होली पर्व मनाये जाने हेतु नागरिकों से की अपील

# होली पर्व में व्यवस्थाएं बनाये रखने के लिए ननि टीम ने की निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज शुक्रवार 14 मार्च को धुरेड़ी एवं 16 मार्च को भाईदूज त्यौहार उत्साह उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इन पर्वों पर सतर्कता एवं संवेदनशीलता बनाए रखने के साथ-साथ जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कटनी नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने आदेश जारी करते हुए सभी विभागों के संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है।

नगर निगम द्वारा होली पर्व की संपूर्ण व्यवस्थाओं निगरानी के लिए पवन कुमार अहिरवार उपायुक्त को प्रभारी अधिकारी व राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक को सहायक प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। आयुक्त ने होली पर्व को ध्यान में रखते हुए शहर के सभी सार्वजनिक स्थलों एवं वार्डों में बंद स्ट्रीट लाइट को चालू कराते हुए प्रकाश की समुचित व्यवस्था करने,परंपरागत स्थान एवं मांग होने पर टैंकर के माध्यम से पेयजल आपूर्ति करने ,मुख्य मार्ग स्थान गली मोहल्ला जहां पर होलिका दहन किया जाना है वहाँ विशेष साफ सफाई चूने की लाइन व दुर्घटनाओं पर नियंत्रण रखने हेतु फायर ब्रिगेड वाहन को 24 घंटे तैयार रखते हेतु होलिका दहन डामरीकृत/सीमेंटीकृत सड़कों में ना हो इस हेतु समितियों से संपर्क कर होली दहन के स्थानों में मिट्टी रेत की व्यवस्था किए जाने के साथ साथ होलिका दहन सड़क के मध्य या विद्युत पोल के समीप ना हो इस हेतु अतिक्रमण दस्ते को शहर में निरंतर पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं।

निगमायुक्त श्री दुबे ने शहर के सभी नागरिकों से रंगों के पर्व होली को शांतिपूर्वक हर्षोल्लास के साथ को मनाए जाने की अपील की है।

## हिंदू भाई मनाएंगे धुरेड़ी तो मुस्लिम धर्मावलंबी जुमा

# पर्व में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने पुलिस व प्रशासन अलर्ट मोड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आज शुक्रवार को जहां हिंदू भाईयों का होली धुरेड़ी पर्व है वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों का जुमा है। पर्वों को देखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाएं रखने के लिए पुलिस और प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिले भर में दोनों धार्मिक त्यौहार के मद्देनजर पुलिस अपराधिक मामलों से जुड़े अपराधियों की धरपकड़ में व्यस्त नजर आई। जिला प्रशासन ने शांति और सौहार्द के साथ होली और रमजान मनाने की अपील की है। शहर के प्रमुख मार्गों में पुलिस की तैनाती की गई है। नागरिकों को किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए सावधान रहने की सलाह दी गई।

### बनाएं रखें शांति व सद्भाव

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव एवं पुलिस कप्तान अभिजीत रंजन ने आम जनता से होली का त्योहार शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान किसी भी तरह की अशांति या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित किया जाए। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने होली के दिन शराब पीकर हुड़दंग मचाने, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और मारपीट जैसी घटनाओं से बचने की अपील की। उन्होंने कहा कि शहर में विशेष निगरानी रखी जाएगी और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। होली के दौरान शहर में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। संवेदनशील इलाकों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा पुलिस के विशेष गश्ती दल और रैपिड एक्शन फोर्स को भी तैनात किया गया है।

### 70 पेट्रोलिंग पार्टी करेंगी शहर का भ्रमण

रंगों के महापर्व होली शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए खाकी वर्दीधारियों ने मोर्चा संभाल लिया है। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल को तैनात किया गया है। पर्व के दौरान गड़बड़ी करने वाले तत्वों पैनी निगाह रखी जाएगी। यह निर्देश पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन ने आज शाम कोतवाली परिसर में पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को दिये। एसपी ने कहा कि आज रात से लेकर अगले दो दिनों तक पुलिस को लगातार एक्टिव मोड पर रहना है। वाहन चेकिंग लगातार की जाएगी। इस दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाएं। एसपी ने कहा कि शहर में 70 पेट्रोलिंग पार्टी पूरे शहर का भ्रमण करेगी और असमाजिक तत्वों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने शहर के समस्त नागरिको से उल्लासमय वातावरण में होली पर्व मनाने की अपील की है।

## होली के रंग प्रकृति के संग विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# प्राकृतिक रंगों के उपयोग के लिए विद्यार्थियों को किया गया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही मे संचालित इको क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो.आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में होली के रंग प्रकृति के संग विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य होली पर्व के दौरान बाजार में उपलब्ध खतरनाक रसायनों से बने हानिकारक रंगों से परहेज करना तथा प्राकृतिक पदार्थों से बने रंगों के उपयोग करने के लिए सामाजिक जागरूकता पैदा करना है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को हल्दी, पलास, गुलाब, गुड़हल, गेंदें के फूल, चुकंदर, पत्तियों एवं विभिन्न प्राकृतिक चीजों से रंग बनाने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। डॉ. के. के. विश्वकर्मा ने रासायनिक रंगों के उपयोग से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों जैसे त्वचा रोग,आंखों में जलन, अंधापन, कैंसर जैसे गंभीर समस्याओं से विद्यार्थियों को अवगत कराया साथ ही बताया कि इन खतरनाक रसायनों के उपयोग से पानी और मिट्टी भी प्रदूषित होते हैं। डॉ सुनीता सिंह ने कहां कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग न सिर्फ हमें शारीरिक नुकसान से बचाता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मददगार होते है। जबकि केमिकल युक्त रंग नदियों, मृदा एवं पर्यावरण को भी प्रदूषित करते हैं। अंत में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी ने सुरक्षित होली मनाने के उपायों को अपनाने कि अपील करते हुए नेचुरल रंगों से होली खेलने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।





कार्यक्रम का संचालन डॉ. रश्मि त्रिपाठी एवं आभार प्रदर्शन सुश्री प्रियंका तोमर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, डॉ. एस. एस. धुर्वे, प्रभारी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द सिंह, सुश्री प्रियंका तोमर, डॉ. रश्मि त्रिपाठी एवं डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. मंजुलता साहू, डॉ. राकेश दुबे, डॉ. के. के. निगम, डॉ. नीलम चतुर्वेदी, डॉ शिवानी बर्मन, मनीष मिश्रा, डॉ. रूपा शर्मा, श्रीमती अनीता सिंह, पवन दुबे, कैश अंसारी, रावेंद्र साकेत, सोनम पाण्डे, कृष्णपाल सिंह, सौरभ सिंह, पुष्पलता विश्वकर्मा, संतोषी तिवारी, डॉ. अरुण तिवारी, डॉ. चंद्रभान विश्वकर्मा, शंकर सिंह, महिमा तिवारी, आशीष तिवारी, अजय सेन, आकांक्षा मिश्रा, पूजा द्विवेदी, रवि साहू, राजेश्वरी मिश्रा मौजूद रहे।



# गरीब तबके के बच्चों को रंग, पिचकारी, टोपी की वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

दृष्टि ए विज़न सोसाइटी की टीम ने सावरकर वार्ड जाकर निर्धन बच्चों को होली की अलग अलग तरह की पिचकारी, रंग, टोपी, बच्चों के मुखोटे,टॉफ़ी एवम अन्य खाने की सामग्री वितरित कर होली की खुशियां सांझा की जिसे पाकर देव स्वरूप बच्चो के चेहरे खुशी से खिल उठे,बच्चो ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर सभी को होली की शुभकामनाएं दी साथ ही ngo के मेंबर्स ने भी एकदूसरे को गुलाल लगाकर बच्चो को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनोज वर्मा, अस्मिता नायक, ब्रह्मदत्त पटेल,जानवी नानकानी, सुमन रजक,कल्पना पाठक, सीमा यादव,संजय ग्रोवर, आशीष जैसवाल,आंशिका नायक आदि टीम मेंबर्स शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### बांदकपुर में शांति समिति की बैठक

**बांदकपुर।** बांदकपुर में आगामी त्योहार को देखते हुए चौकी में चौकी प्रभारी बीएस हजारी ने शांति समिति की बैठक ली। होली, रंग पंचमी, पर्व सभी समुदायों से पिछले सालों की तरह मिल-जुलकर त्योहार मनाने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिना अनुमति किसी पर रंग-गुलाल न लगाएं,बिना अनुमति के डीजे ना बजाएं ऐसा करते पाए जाने पर कार्रवाई होगी। क्योंकि ज्यादातर अप्रिय घटनाएं अत्यधिक नशे के कारण होती हैं इसलिए ऐसी स्थिति से बचें और नशा न करें बैठक में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिकों सहित पुलिस स्टाफ की

### पहली बार दमोह कृषि उपज मंडी में विक्रय के लिए पहुंचा गेहूं

**दमोह।** जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा लिए गये निर्णय के फलस्वरूप दमोह कृषि उपज मंडी में नए गेहूं की आवक प्रारंभ हो गई हैं। इस दौरान सभी व्यापारियों ने गेहूँ की ट्राली का पूजन अर्चन करते हुए नीलामी में भाग लिया। अनुविभागीय दंडाधिकारी दमोह एवं भार साधक कृषि उपज मंडी दमोह आर. एल. बागरी द्वारा इस संबंध में गत दिवस एक बैठक में गेहूं खरीदी को लेकर तैयारी के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए थे। नरेंद्र बजाज के नेतृत्व में गेहूं का पूजन अर्चन किया गया। किसान बंधुओ का स्वागत किया गया। श्री बजाज ने बताया यह प्रसन्नता का अवसर है, मंडी में गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ किया गया हैं। व्यापारियों की मांग पर केंद्र प्रारंभ हो गया है। उन्होंने बताया कि किसान को बेहतर सुविधा देने के लिए हम सब संकल्पित है। धर्म कांटे से ट्रॉली सहित हम गेहूं की तोल करायेंगे। किसान को मजदूरी कम लगेगी सुविधा ज्यादा मिलेगी। उन्होंने जिले के समस्त किसानों से गेहूं विक्रय करने के लिए दमोह कृषि उपज मंडी में आने का आग्रह किया।

### ओलम्पियाड जिला स्तरीय सम्मान समारोह में 32 विद्यार्थी हुये सम्मानित

# 32 विद्यार्थियों का मंच बत्तीसी सिंहासन है, सभी विद्यार्थी हीरे की तरह चमक रहे हैं: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे के मार्गदर्शन में ओलम्पियाड जिला स्तरीय सम्मान समारोह के लिये चयनित छात्र/छात्राओं को बैग, पानी वाटल, टिफिन, कैप, ट्रेकसूट, सील्ड एवं प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सर्वशिक्षा अभियान दमोह के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोतिगता में चयनित 32 छात्र- छात्रों के अभिभावक एवं विद्यार्थियों के मार्गदर्शी शिक्षक उपस्थित रहे। इस दौरान छात्रों के मार्गदर्शी शिक्षक/शिक्षिकाओं को सील्ड प्रदाय की गई है । कलेक्टर श्री कोचर ने उपस्थित छात्र/अभिभावक एवं मार्गदर्शी शिक्षकों से कहा निश्चित ही आप लोगों के द्वारा बहुत मेहनत की गई है और इसी का यह नतीजा है कि जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में 32 बच्चों का चयन हुआ। यह 32 छात्र/छात्राओं का मंच बत्तीसी सिंघासन है , जिसमें सभी बच्चे हीरा की तरह चमक रहे है । इन बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाये, और हो सके तो इनके मार्गदर्शी शिक्षक ही इन बच्चों को गोद लेकर आगे बढ़ा सकते है । प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में आयोजित होने वाले पीटीएम में ,इन समस्त बच्चों का उल्लेख किया जाये और पीटीएम बैठक में बच्चों के माता-पिता को आमंत्रित कर सम्मानित किया जाये। उन्होंने कहा इन बच्चों को '' जिला आईकोन'' बनाया जाये। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे ने कहा सभी बच्चों बहुत होशियार है, ये सभी बच्चे बहुत आगे जायेंगे और जिले तथा गांव का नाम रोशन करेगे। कलेक्टर श्री कोचर के द्वारा श्री अरविन्द चौरहा का सम्मान किया और कहा श्री चौरहा द्वारा बहुत ही अच्छी पहल की गई है, और भी शिक्षकों को आगे आना चाहिये। इसके पश्चात कलेक्टर के साथ सभी छात्र/छात्राओं के द्वारा ग्रुप फोटो ली गई और कलेक्टर द्वारा बच्चों को उनके शिक्षकों से सम्मानित कराया गया है । जिला स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह में राज्यपाल पुरुष्कार से सम्मानित शिक्षिका शीला पटेल, शासकीय प्राथमिक शाला ,देवरान टपरिया से चयनित कु.मोहनी अहिरवाल को भी कलेक्टर के द्वारा सम्मान के रुप में सील्ड प्रदान की गई । ओलम्पियाड जिला स्तरीय सम्मान समारोह के पश्चात राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल के द्वारा 20 एवं 21 मार्च 2025 को राज्य स्तरीय ओलम्पियाड सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जिले के 07 छात्रों का चयन हुआ यथा राजेन्द्र यादव, प्रिंस कोरी, विशाखा पटेल, दीपांशी पाल, अभय अहिरवाल, बीरा जैन, अंशुमन अहिरवाल को सम्मानित किया जायेगा । जिला स्तर से 07 छात्र उनके अभिभावक एवं मार्गदर्शी शिक्षक भोपाल जायेंगे। इन 07 विद्यार्थियों के चयन होने से प्रदेश स्तर पर दमोह जिले का नाम रोशन हुआ है।

जिला स्तरीय ओलम्पियाड प्रतियोगिता में चन्द्रशेखर सिंह, सीएम राईज जबेरा के गणित, संस्कृत एवं विज्ञान, तीनों विषयों में प्रथम रहा, इसी प्रकार ईशा प्रजापति, माध्यमिक शाला इमलाई भी गणित एवं विज्ञान में प्रथम रही है। कु.ईशा प्रजापति मा.शा.ईमलाई की मॉ श्रीमति सीमा प्रजापति के द्वारा कहा गया कि मेरी आर्थिक स्थिति बहुत ही कमजोर है, मैं अपनी बच्ची को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित भी नहीं करा पाती, परन्तु शिक्षिका श्रीमति रश्मि पौराणिक मेडम के द्वारा बहुत मदद की गई , मेडम के द्वारा ही मेरी बच्ची की तैयारी कराई गई , मैं पूरा श्रेय रश्मि मेडम को देती हूं ।

इसी प्रकार कु. प्रियाशीं पटेल मा.शा. उमरी की मॉ श्रीमति प्रीति पटेल के द्वारा बताया गया कि मैं तो पढ़ी-लिखी नहीं हूं, अपने खेत में काम करती हूँ, और परिवार का पालन पोषण करती हूँ , मेरी बच्ची के शिक्षक श्री अरविन्द चैरहा सर के द्वारा बच्चीं को प्रतियोगिता की तैयारी कराई , परीक्षा दिलाने ले कर गये, मुझे तो पता ही नहीं है कि परीक्षा केन्द्र कहा है और कहा जाना है, मेरी बच्ची के शिक्षक के द्वारा ही बहुत मदद की गई है मै इनका उपकार कभी नहीं भूल सकती हूँ। उक्त संबंध में श्री अरविन्द चैरहा के द्वारा कहा गया कि मैं इस बच्ची को गोद लेता हूं और आगे की पूरी पढाई की जिम्मेदारी लेता हूँ ।

जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जिला परियोजना समन्वयक मुकेश द्विवेदी, जिला नोडल अधिकारी हरीश अहिरवाल, राजू जैन गांगरा, विजय कुमार नामदेव, प्रदीप अहिरवाल, श्रीमति किरण उपाध्याय एपीसी., श्रीमति श्यामू विजया चैहान, सुरजीत सिंह राजपूत, संतोष नामदेव, दीपक कुमार जैन, कनिष्क साहू का सहयोग रहा ।

# जर्जर सड़क पर धूल मिट्टी से परेशान लोग

### सड़क निर्माण नहीं होने से वार्डवासियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



नगर के मुख्य मार्ग से जाने वाले खकरिया मार्ग मैं धूल उड़ रही है यह मार्ग तीन वार्ड 8,9,10 से होकर गुजरता है इस मार्ग की दुर्दशा के शिकार वार्ड के वाशिंदे धूल मिट्टी से हैरान परेशान है। लगभग 2 वर्ष से यह रोड उखड़ कर धूल मिट्टी में तब्दील हो गया है जिसके कारण लोगों का जीना दुभर हो गया है। नगर परिषद इस मार्ग को बनाने में बजट न होने की बात कर समस्या का समाधान नहीं कर पा रही है जिसके कारण लोगों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इसी मामले को लेकर वार्ड वासी काफी परेशान नजर आ रहे हैं बस स्टैंड से जनपद कार्यालय तक पूरा रोड खराब है। वार्ड क्रमांक 9 से होकर जाने वाले मार्ग की दुर्दशा ने लोगों के घरों तक को नहीं छोड़ रखा है। इस मार्ग से निकलने वाली बाहनो , हवा चलने पर धूल मिट्टी घरों के अंदर प्रवेश कर रही हैं यह मार्ग जो बहुत जर्जर है जिसमें भारी वाहनों के चलने से अधिक मात्रा में धूल उड़ती है और वायु प्रदूषण होता है जिससे लोगों को सांस लेने में कठिनाई होती हैं। स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है इस संबंध में नगर परिषद से कई बार चर्चा हुई, लेकिन समाधान नहीं निकला है। अब तो वार्ड वासियों कह रहे हैं कि यदि समस्या का समाधान नहीं होता तो कठोर कदम उठाए जाये धूल मिट्टी से परेशान है। अति शीघ्र मार्ग को बनाने की मांग करने वालों में अमित साहू,राहुल ठाकुर ,संदीप परस्ते, मुन्ना विश्वकर्मा, मोहम्मद शमीम, भूरा खान,जगदीश साहू, प्रेमलाल वाल्मीक, राधा ताल्मीक ,हर्ष वाल्मीक , दसई वाल्मीक, प्रकाश रैकवार,दीपक रैकवार ,शैलेन्द्र सोनी, नरेन्द्र साहू, अशोक शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, मनोज कुमार गौर, राजा खान, मनीष पाटकार, मूलचन्द्र विश्वकर्मा, शंकर लाल झारिया, ब्रजेश साहू, यशवंत सिंह, कुंजबिहारी ठाकुर, उमाशंकर मेमार, शिव कुमार अहिरवार,सलीम बेग, बब्लू रैकवार, अजुद्धी प्रसाद प्रजापति, चंदशेखर साहू, अशोक बेन, रजीत साहू ,चंदन सिंह शामिल है।

## रमजान, होली, धुडेरी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक सम्पन्न



**हिण्डोरिया।** स्थानीय थाना परिसर में होली, धुडेरी, रंग पंचमी, रमजान एवं ईदुल फित्र पर्व को लेकर थाना परिसर में थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर के मार्गदर्शन में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। बैठक में उपस्थित सभी गणमान्यजनों एवं सामाजिक जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने पर्व परंपरानुसार आपसी सद्भाव पूर्ण माहौल में बनाने का निर्णय लिया। बैठक मे श्री गुर्जर ने कहा कि कोई भी किसी को जबरन रंग ना लगायें, शराब खोरी ना करें, कोई शराब का सेवन एवं क्रय-बिक्रय ना करे। उपद्रवी तत्वों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। सभी अपने पर्व अमन, शांति एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाये। बैठक में लक्ष्मण पटेल, देवेंद्र ठाकुर, तैय्यूब अली , हबीब राजा चौहान , अन्नु राजपूत, गणेश सिंह, मुन्ना चौरसिया, शानू खान ,पटवारी संदीप यादव, धर्मेंद्र चमन, कालूराम अहिरवार, नरेश साहू ,राकेश वर्मा, वीरेंद्र दुबे , मनजीत राज, अल्ताफ बाबू, सुजात खान सहित बड़ी संख्या में

# जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की बैठक



**दमोह।** जैन मिलन वरिष्ठ शाखा की बैठक शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष वीर अखिलेश जैन (पंडित जी) की अध्यक्षता में, शाखा के मार्गदर्शक वीर डॉ एल सी जैन के निज निवास पर दीप दीपायन एवं महावीर वंदना के साथ आयोजित की गई, सर्व प्रथम शाखा मंत्री वीर संतोष जैन ने पूर्व बैठव का वाचन एवं संक्षिप्त समीक्षा कर आज की बैठक में प्रस्तावित विंदुओ की जानकारी दी गई,क्रमशरूचर्चा प्रथम विंदु राष्ट्रीय अधिवेशन अलीगढ़ हेतु अतिवीर ऋषभ जैन (एस एम) एवं वीर यू सी जैन साब ने सहमति दी गई, द्वितीय विंदु,शाखा के आगामी सत्र हेतु कार्य कारणी के चुनाव पर चुनाव अधिकारी आदरणीय पदम चंद जैन जुझार ने शाखा के चुनाव हेतु पदाधिकारियों को निर्धारित कार्य एवं उनके दायित्वों की जानकारी दी, एवं उपस्थित सभी वीर बंधुओं के विचार सुने,वीर के सी जैन ने शाखा के कुछ अनुपस्थित सदस्यों एवं पूरी उपस्थिति न होने से पूर्ण निर्णय आगामी बैठक जो की शीघ्र ही आयोजित की जाय, उसमें निर्णय लेने हेतु प्रस्ताव रखा, सदस्यों ने उनकी बात का समर्थन किया, जिस पर माननीय चुनाव अधिकारी जी ने आगामी बैठक में चुनाव सम्पन्न कराने हेतु निर्णय लिया, केंद्र के निर्देशानुसार भगवान आदिनाथ जी के जन्म कल्याणक भी महावीर भगवान के जन्म कल्याणक की तरह,पूर्ण हर्षोल्लास से मनाने हेतु निर्णय लिया, अंत में बैठक आयोजक डॉ एल सी जैन एवं उनकी वीरांगना आदरणीय किरण जी की 50वीं मंगल-परिणय वर्षगांठ दिवस पर सभी वीर बंधु वीर इंजी. आर के जैन साब, ललित जैन सराफ, नेम चंद भिड़ा जी यू सी जैन, पारस जैन, राजीव जैन ने शेर शायरी, गाने, एवं वीर के सी जैन मोदी संदीप जैन एवं अखिलेश पंडित जी ने ढोलक की थाप पर दादरे, गारी एवं मनोरंजक गानों से सभी ने हर्ष एवं सदभावना पूर्वक आनंद के साथ मांगलिक शुभकामनाएं दी अन्त में अतिवीर ऋषभ जैन (एसएम) ने उपस्थित सभी वीर बंधु एवं बैठक आयोजक वीर एवं वीरांगना के द्वारा की गई शानदार व्यवस्था पर पुनः शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए आभार प्रकट कर, अरिहंत वन्दना के साथ बैठक सम्पन्न की।

## हटा मंडी में बंद पड़ी डाक नीलामी पुनःचालू होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

किसान संगठनों की मांग पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन पर आज हटा मंडी में एसडीएम राकेश मरकाम की अध्यक्षता में व्यापारी संघ, किसान संगठनों व अन्य कर्मचारियों अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आने वाली 21 मार्च 2025 से नियमित अन्य मंडियों की तरह हटा मंडी में भी किसानों की उपज खुली डाक नीलामी के माध्यम से खरीदी जाएगी। सभी किसान भाइयों को उपज का उचित मूल्य अन्य मंडियों की तरह प्राप्त हो सकेगा। इस अवसर पर हटा एसडीएम राकेश मरकाम ने कहा आज व्यापारी संघ, किसान संगठनों व अन्य कर्मचारियों अधिकारियों के साथ हटा कृषि मंडी में बैठक रखी गई थी, जिसमें सभी ने सर्व सम्मती से यह निर्णय लिया है कि 21 मार्च से कृषि मंडी पुनः चालू करेंगे। इस संबंध में मंडी के सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि जो भी सुविधाएं किसानों और व्यापारियों को देना है, निश्चित तौर पर जल्द से जल्द दी जाये। हरिश्चन्द्र पटैल ने समस्त किसान भाइयों से आग्रह करते हुये कहा कि आप अपनी हटा मंडी में उपज लेकर जाएं, आपको दमोह मंडी के बराबर ही आपकी उपज के दाम मिलेंगे और आप दमोह मंडी आने की बजाय हटा मंडी में ही अपनी उपज का सही दाम ले पाएंगे।

### पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा

## गेंहू उपार्जन हेतु जिले में कुल 49 समितियों को उपार्जन केन्द्र बनाया

**दमोह।** जिला आपूर्ति अधिकारी दमोह राजेश पटेल ने बताया रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेंहू के उपार्जन हेतु जिले में कुल 49 समितियों को उपार्जन केन्द्र बनाया गया है। उन्होंने बताया गेंहू का उपार्जन 15 मार्च 2025 से 05 मई 2025 तक की जायेगी। किसानों को खरीदी हेतु प्रोत्साहित करनें हेतु शासन द्वारा इस वर्ष 2425 रूपये समर्थन मूल्य के साथ-साथ 175 रूपये का बोनस भी किसानों को दिया जा रहा हैं। इस प्रकार कुल 2600 रूपये किसानों को गेंहू का समर्थन मूल्य प्राप्त होगा। उन्होंने बताया गेंहू विकृय हेतु 19836 कृषकों द्वारा पंजीयन कराया जा चुका है, गेहूँ विक्रय हेतु पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इस वर्ष संस्थाओ /स्थानों पर पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी दमोह राजेश पटेल ने बताया निःशुल्क पंजीयन हेतु किसान भाई स्वंय के मोबाईल अथवा कम्प्यूटर से निर्धारित लिंक **mpeuparjan.nic.in** पर जाकर पंजीयन कर सकते हैं। इसी प्रकार ग्राम पंचायत/जनपद पंचायत/तहसील कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्रों, निर्धारित समिति/संस्थाओं पर सशुल्क पंजीयन हेतु (50 रूपये प्रति पंजीयन), एमपी ऑनलाईन कियोस्क पर, कॉमन सर्विस सेंटर कियोस्क पर, लोक सेवा केन्द्र पर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साईबर कैफे पर किसान भाई पंजीयन करवा सकते हैं। उन्होंने कहा सिकमीदार एवं वनाधिकार पट्टाधारी किसानों का पंजीयन निर्धारित समिति के पंजीयन केन्द्रों पर ही किया जा सकेगा। पंजीयन हेतु भूमि संबंधी दस्तावेज, आधारकार्ड, आधार नंबर से पंजीकृत मोबाईल नंबर एवं अन्य फोटोयुक्त पहचान पत्र तथा सिकमी पर ली गई भूमि के लिये अनुबंध की प्रति अनिवार्य होगी। किसी प्रकार की असुविधा से बचने के लिये सभी किसान भाई पंजीयन करने/कराने के पूर्व अपना आधार कार्ड, भू-अभिलेख, बैक खाता नंबर एवं मोबाईल नंबर अद्यतन करा लें।

### समाजसेवी एवं युवाओं ने की अपील कहा ऐसा काम न करें कि रंग में पड़ जाएं भंग हर किसी का रखें ध्यान

# गिले शिकवे भूलकर शांति सद्भाव भाईचारे के साथ में मनाएं होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

गुरुवार देर रात तक होलिका दहन के बाद पांच दिवसीय होलिका उत्सव आज से प्रारंभ हो गया है। जिले भर आज धुरेड़ी पर्व उमंग और उत्साह से मनाया जाएगा। बच्चों से लेकर युवाओं और हर आयु वर्ग के लोगों में पर्व को लेकर उत्साह दिख रहा है। वहीं जागरूक लोग पर्व को शांति पूर्वक, सदभाव और भाईचारे से मनाने की अपील कर रहे हैं। यूथ का कहना है कि होलिकोत्सव भाईचारा का पर्व है। हम सभी को परंपरा अनुसार पर्व को सेलिब्रेट करना चाहिए। आज धुरेड़ी पर प्राकृतिक कलर का उपयोग करे और होली सिर्फ जान-पहचान वालों के साथ ही मनाएं। नशा न करे और पानी बचाने के लिए अबीर, गुलाल की होली खेले क्योंकि पानी की अहमियत जाना लोगों को जरुरी है।



श्रीकांत पोर्ते कहते है कि होली पर्व का इंतजार सभी को होता है। इस पर्व में सभी को आपसी बुराई भुलाकर बेहतर ढंग से होली मनानी चाहिए। होली का ट्रेंड भी बदल चुका है। लाग और अच्छ ढंग से होली मनाते हैं, इसलिए लोगों को एकसाथ मिलाकर होली का पर्व मनाना चाहिए।

-श्रीकांत पोर्ते तेन्दूखेड़ा



भरत रजक कहते हैं कि मार्केट में कई तरह के रंग आ रहे हैं इनमें केमिकल मिक्स होता है, जिससे त्वचा खराब हो जाती है। इनसे बचना चाहिए और गुलाल की होली खेलनी चाहिए और लोगों को शांति का परिचय देकर अपना पर्व सेलिब्रेट करेंगे

भरत रजक तेन्दूखेड़ा



सतेन्द्र जैन कहते हैं कि होली पर्व के दूसरे दिन यानी कि आज और पंचमी पर रंगोत्सव मनाते हैं, हम सूखी होली खेलें और लोगों को जागरूक करें कि विभिन्न प्रकार के रंगों से चेहरा धोने में हम सैकड़ो लीटर पानी की बर्बाद कर देते हैं, हमें पानी की बर्बादी रोकने की दिशा में हर वर्ग को प्रेरित करने की जरूरत है।

-सतेन्द्र जैन तेन्दूखेड़ा



मनीष मोदी कहते हैं कि होली में प्रायः भांग व शराब का चलन बढ़ रहा है। मेरा मनाना है कि इसके बढ़ने से होली पर्व प्रभावित हो रहा है। इससे मारपीट व अपराध भी बढ़ते हैं, लोगों को अपना त्यौहार शांति पूर्वक मनाना चाहिए।

**मनीष मोदी तेन्दूखेड़ा**



राहुल लोधी ठाकुर ने अपील की है कि युवा पर्व के दौरान जोश में होश न खोएं। बाइक व कार की रफ्तार नियंत्रण में रखें, ताकि किसी तरह की कोई दुर्घटना रंग में भंग न डाले। यदि पिकनिक मनाने के लिए किसी नदी या खाई व पर्यटन स्थल पर जाते हैं तो इस बात का विशेष ख्याल रखें कि गहरे पानी में न जाएं। इस वजह से अनेक बार हादसे हो चुके हैं।

**राहुल लोधी ठाकुर तेन्दूखेड़ा**



पवन यादव कहते हैं कि होली का त्योहार खुशी और आनंद का त्योहार है। जिसे परंपरागत रूप से मनाया जाना चाहिए। युवाओं को इस बात का ख्याल रखना चाहिए कि वर्तमान में जिन स्कूली बच्चों की परीक्षाएं चल रही हैं, उनकी पढ़ाई में खलल न पड़े। होली पूरे उत्साह के साथ मनाएं लेकिन खुद की सुरक्षा को लेकर पूरी एहतियात रखें।

**पवन यादव, तेन्दूखेड़ा**



रजनीश यादव कहते हैं कि हम प्रत्येक व्यक्ति को बराबरी का दर्जा देते हुए अपनी खुशी में उसकी ख़ुशी और सामंजस्यपूर्ण स्थिति के बीच मिल जुलकर साथ-साथ जीवनयापन करें होलिकोत्सव पर्व हम सभी को उल्लास लेकर आता है।

**रजनीश यादव तेन्दूखेड़ा**



जगदीश सेन ने बताया कि दोस्तों के बीच अभी से होली की प्लानिंग होने लगी है। हर बार की तरह इस बार भी शांति, सद्भाव व एकता का संदेश देते हुए रंगों के इस पर्व को मनाएंगे। ख्याल रखेंगे कि हमारी वजह से किसी को कोई परेशानी न हो कैमिकल युक्त रंगों का प्रयोग नहीं करेंगे, ताकि स्वयं एवं दूसरों के स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह सिद्ध न हो। -

**जगदीश सेन तेन्दूखेड़ा**

### अन्य समस्याओं के निराकरण को लेकर किसान कांग्रेस का ज्ञापन...

# जिला चिकित्सालय में प्रसुताओं की लगातार हो रही मृत्यु की घटनाओं की जांच की मांग



**दमोह।** जिला चिकित्सालय में प्रसुताओं की मृत्यु की घटनाओं से आक्रोशित कांग्रेस जनो ने जिला कांग्रेस कमेटी के मार्गदर्शन में जिला किसान कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कलेक्टर के नाम कार्रवाई हेतु ज्ञापन सौंपा ज्ञापन के पूर्व कांग्रेस जन जिला चिकित्सालय पहुंचे और वहां सिविल सर्जन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के समक्ष नारेबाजी करते हुए अपनी मांगे रखी। ज्ञापन में प्रमुख रूप से उल्लेख किया गया है कि दमोह जिले में स्वास्थ्य सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय दमोह में संपूर्ण जिले के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र से भी लोग इलाज हेतु आते हैं परंतु जिला चिकित्सालय में मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण आमजन को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही है। अतः निम्न बिंदुओं पर आपका ध्यान आकर्षण कर कांग्रेस कमेटी कार्रवाई की मांग करती है। विगत दिनों जिला चिकित्सालय में प्रसुताओं कि प्रसव के दौरान असमय मृत्यु की घटनाएं सामने आई थी जिसमें 5 महिलाओं की मृत्यु हुई थी जिसमें प्रशासन द्वारा जांच करवाई कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था कांग्रेस पार्टी मांग करती है की उक्त संबंध में की गई जांच सार्वजनिक की जाए तथा दोषियों पर कार्रवाई की जाए। साथ-साथ पीड़ति परिवारों को 20-20 लाख रुपए की सहायता राशि हेतु शासन को पत्र लेख किया जाए। नई घटना 2 दिन पूर्व जिला चिकित्सालय में हुई जिसमें दो प्रसूताओं की मृत्यु हो गई एवं दो बच्चों की मृत्यु हुई इस घटना की जांच की जाए क्योंकि जिला चिकित्सालय में इस तरह से हो रही घटनाएं निश्चित रूप से दुखद है और इस तरीके की घटना होना यह अंकित करता है की व्यवस्था में सुधार की अति आवश्यकता है साथ ही साथ इस तरीके की घटनाएं आमजन मानस में चिकित्सालय की व्यवस्थाओं को लेकर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है कांग्रेस पार्टी मांग करती है की इस संबंध में भी जांच कर एक सप्ताह में जांच कार्रवाई पूरी की जाए और परिवार को उचित मुआवजा राशि दिलाई जाए। जिला चिकित्सालय में कर्मचारियों के कार्य व्यवहार की निगरानी हेतु एक कमेटी का गठन किया जाए जो यहां आने वाले मरीज के साथ कर्मचारियों द्वारा होने वाली व्यवहार की निगरानी कर सके। अस्पताल में कार्यरत आउटसोर्स कर्मचारी को नियमित भुगतान किया जाए। ताकि वह सुचारू रूप से अपना कार्य कर सके। जिला चिकित्सालय में लंबे समय से चिकित्सकों टेक्नीशियन के पद रिक्त है जिनकी पद पूर्ति हेतु शीघ्र कार्रवाई की जाए। सुबह-सुबह पर जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण कराया जाए ताकि व्यवस्थाओं में सुधार हो सके। ज्ञापन सौंपते हुए मांग कि है कि जिला चिकित्सालय की व्यवस्था में सुधार कराया जाए। जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक प्रतिमा आयोजित की जाए जिले की प्राथमिक स्वास्थ्य केंदो में स्टाफ की भर्ती की जाए अन्यथा की स्थिति में कांग्रेस संपूर्ण जिले में आंदोलन करेगी उक्त ज्ञापन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं दमोह नायाब तहसीलदार की उपस्थिति में सौपा गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतन चंद्र जैन पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंडित मनु मिश्रा सेवादल के अध्यक्ष संजय चौरसिया महिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनी ठाकुर प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी मानक पटेल परम यादव संगठन प्रभारी आशीष पटेल तिलक सिंह राजेश तिवारी वीरेंद्र ठाकुर धर्मवीर राय रियाज खान अमर सिंह बबलू भट्ट शमीम कुरैशी अजय जाटव पप्पू कुशवाहा पुरुषोत्तम कुशवाहा केके अग्रवाल कमला निषाद गीता लोधी जमील खान वसन्त कुशवाहा पार्षद विक्रम ठाकुर मिक्की चंदेल जीशान पठान हेमराज भइया अमर सिंह शैलेंद्र सिंह संजय सेठ गौरव राय मदन सुमन खिलान सिंह ठाकुर अरूण दुबे मुकेश रोहित अमित नामदेव वीरेंद्र बैवनइमल चंदन ताम्रकार भूपेंद्र अजमानी मुकेश सेन मुकेश रोहितास अनुज ठाकुर प्रमेश सिराथिया अमित बुधौलिया ए के चिश्ती डालचंद कुशवाहा सौरव आयाची राजेंद्र चौहान जावेद खान सहित कोंग्रेस जन उपस्थित रहे। ज्ञापन का वाचन कार्यक्रम आयोजक जिला किसान कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने करते हुए जिला प्रशासन से इन बिन्दुओं पर जल्द कार्रवाई की मांग की।

खबर संक्षेप

## होली के समाप्त होते ही बेलाताल सड़क का कार्य प्रारंभ होगा

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की पहल पर बेलाताल से जबलपुर नाका वाले आवागमन मार्ग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, विद्युत पोल सेंटर में लगाये गये हैं, कार्य प्रारंभ है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा ने बताया बेलाताल से जबलपुर नाका बाली सड़क का कार्य काफी दिनों से रुका था, फिर से इसका लोन अप्रूव हो गया है, फंड भी हमारे पास एक करोड़ 14 लाख रुपए आ चुके हैं, यह लगभग 660 मीटर लंबाई की सड़क है, जो मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना तृतीय चरण अंतर्गत इसके अतिरिक्त वार्ड में भी इसके कुछ काम लिए गए है, इंटरलॉकिंग टाइल्स है, सड़क है, कुल 2 करोड़ रूपये के कार्य है, सड़क की लागत 1 करोड़ 14 लाख के आसपास की है, वह फंड हमारे पास आ गया है, इसमें पोल शिफ्टिंग का काम हो गया है, बीच में पुलिया थी वह हो गई है, रोड बाइंडनिंग का काम चल रहा है, 7.5 मीटर की मौजूदा रोड की कोटिंग होगी, शेष 7.5 मीटर का विस्तार हो रहा है, जो रोड बाइंडनिंग हो रही है, इसकी खुदाई शुरू की जायेगी, होली जैसे ही समाप्त होती है, तेजी से काम प्रारंभ हो जाएगा।

### परीक्षा केंद्र नवीन हटा में पर्यवेक्षकों एवं केंद्राध्यक्ष को दिया नोटिस

# कलेक्टर ने परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों को फर्श में बैठाकर परीक्षा लेने पर जताई आपत्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज दमोह सहित हटा एवं पटेरा क्षेत्र के परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण कर जायजा लिया। सोजना में परीक्षा केन्द्र पर विद्यार्थी जमीन पर परीक्षा देते हुये मिलने पर नाराजगी व्यक्त की तथा जिला शिक्षा अधिकारी को अगले प्रश्न पत्र से फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। परीक्षा केन्द्र नवीन हटा में अव्यवस्थाओं पर पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्ष को नोटिस जारी किये गये। उन्होंने सीएम राइज परीक्षा केन्द्र के कक्षों में पंखे लगाने और परीक्षार्थियों की संख्या दर्ज करने के निर्देश दिये। उन्होंने यहां शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा सामाजिक विज्ञान पेपर का जायजा लिया। यहां सीसीटीवी कैमरे चालू पाए गए, केंद्र अध्यक्ष और अमले को आवश्यक निर्देश दिए, ताकि परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हो। सी एम राइज हटा में एक कक्ष में पंखे न होने पर प्राचार्य को तुरंत ही पंख लगाने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आज दमोह में एक परीक्षा केंद्र, हटा आने के समय मुड़िया परीक्षा केन्द्र का भ्रमण किया है, यहां हटा में भी तीन स्कूलों का भ्रमण किया, परीक्षा सामाजिक विज्ञान का पेपर है, परीक्षा ठीक से चल रही है, संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा एक कमरे में पंखे नहीं मिले, आज ही पंखे लगवाने के निर्देश दिये है। बच्चों को किसी तरह की तकलीफ और असुविधा नहीं होनी चाहिए। परीक्षाओं पर पैनी नजर रखी जा रही है, सभी जगह सी.सी.टी.वी. कैमरे चालू पाए गए हैं, और हर जगह एक जिम्मेदार अधिकारी नजर रखे हुये है।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित हाई स्कूल परीक्षा 2025 के अंतर्गत गुरुवार को जिले के 84 परीक्षा केंद्रों पर सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा आयोजित की गई। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने परीक्षा केंद्र मुड़िया , रामकुमार उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह, शासकीय सी एम राइज हटा, नवीन हटा एवं परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोजना का आकस्मिक निरीक्षण किया। नवीन हटा में पर्यवेक्षक कक्ष में नियंत्रण न होने पर उन्हें तत्काल परीक्षा से मुक्त करने व केंद्र अध्यक्ष को नोटिस जारी करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया । परीक्षा केंद्र सोजना में विद्यार्थी फर्श पर परीक्षा देते हुए मिले जिस पर उन्होंने आगामी परीक्षा के पूर्व सभी विद्यार्थियों हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराने एवं पक्का शेड बनवाने हेतु लाइजनिंग टीम में संलग्न ए पी सी मोहन राय को निर्देशित किया। सभी केंद्रों में कैमरे लगे हुए पाए गए तथा किसी भी केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

कलेक्टर सुधीर कोचर परीक्षा केंद्र के कक्षो के बाहर कक्ष के परीक्षार्थियों की संख्या न लिखे जाने पर उन्होंने नाराजगी जताई और केंद्राध्यक्ष को निर्देश दिए कि किस कक्ष में कितने परीक्षार्थी उपस्थित है उनकी सूची लगाई जाए। उन्होंने कहा हटा के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए परीक्षा केंद्र में दसवीं बोर्ड परीक्षा सामाजिक विज्ञान पेपर का पेपर चल रहा है व्यवस्थायें ओवरहाल ठीक है, पंखे लगाने के निर्देश दिए है, परीक्षा कैमरे की निगरानी में चल रही है , अमले को आवश्यक निर्देश दिए ताकि परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हो।

### देर रात तक चलता रहा होलिका दहन कार्यक्रम

# धुरैड़ी आज : उड़ेगा गुलाल, चलेंगी पिचकारियां, रंगों की होगी बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले भर में परंपरानुसार होलिका दहन कार्यक्रम देर रात तक नगर में होते रहे। कई स्थानों पर होलिका दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। होलिका दहन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सद्भाव से मनाया गया। परंपरानुसार जिन घरों में चूल्हे सिगड़ी का उपयोग होता है उन्होने होली की अग्नि को ले जाकर घर में प्रथम आग इसी से जलाई। अनेक घरों में परंपरानुसार होली के जलते कंडे लाकर पूजन कर बाटियां बनाई। सोवार को परमा को धुरेड़ी का दिन होने से रंग-गुलाल की बौछारें, मौज मस्ती का आलम रहेगा। एवं पुलिस शांति व्यवस्था बनाये रखने मुश्तैद रहेगी।

### तीर्थ क्षेत्रों में पहुंचे श्रद्धालु

रंगो का त्योहार होली प्रत्येक वर्ग के लोग अपने अपने अंदाज़ में मनाते हैं। एक ओर जहां युवा पीढ़ी खूब मौज मस्ती करने पिकनिक प्लान करती है। वहीं कुछ लोग ईश्वर के दरबार में होली मनाते हैं। जिले के प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र कुंडलपुर, जागेश्वरनाथधाम बांदकपुर आदि में भारी भीड़ देर रात तक पहुंचने की जानकारी मिलती रही।

### जल गई होलिका, बच गये प्रहलाद



होलिका दहन को लेकर जो कथा प्रचलित है उसमें हिरण्यकश्यप नाम का एक अत्यन्त बलशाली एवं घमण्डी राक्षस था, जिसने अपने राज्य में भगवान का नाम लेने पर ही पाबंदी लगा दी थी। वह खुद को ही भगवान मानने लगा था। लेकिन हिरण्यकश्यप का पुत्र प्रहलाद भगवान के प्रति आस्था रखने वाला था, वह भगवान का परम भक्त था। जब अपने पुत्र के ईश्वर भक्त होने का पता हिरण्यकश्यप को लगा पिता ने अपने ही पुत्र को बेहद कठोर दंड दिये। पर प्रहलाद ने प्रभू भक्ति करना नही छोड़ी। परेशान होकर जब हिरण्यकश्यप ने ये बात अपनी बहन होलिका को बताई, होलिका को वरदान मिला था कि वह कभी भी आग में नही जल सकती। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को खत्म करने के लिये होलिका को आदेश दिया की वह प्रहलाद को लेकर अग्नि में बैठ जाये। आदेश का पालन करते हुये बहिन होलिका ने ऐसी ही किया। परंतु आग में बैठने पर होलिका तो जल गई पर प्रहलाद को कुछ नहीं हुआ। तभी से होली के पूर्व होलिका दहन किया जाता है। होली पर्व प्रभु प्रेम तथा प्रभु भक्ति के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

### जलसंकट के बीच जलसंवर्धन की अपील

जिले में जलसंकट को देखते हुये आम लोगो से होली पर पानी की बर्बादी न करने की अपील की जा रही है। कई गांवों के लोग पीने के पानी को मोहताज तो वहीं एक ओर टैंकरों से होली खेली जाती है।

## होली के पर्व में स्वास्थ को अनदेखा न करें,सुरक्षित होली, स्वस्थ्य होली के संबंध में एडवाईजरी जारी

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मुकेश जैन ने जिले के सभी नागरिकों को रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएं देते हुए सुरक्षित होली, स्वस्थ्य होली के संबंध में एडवाईजरी जारी की है। डॉ. जैन ने जिले के सभी नागरिकों से होली का पर्व खुशियों के साथ सुरक्षित रूप से मनाने का आग्रह किया है। सी.एम.एच.ओ. डॉ. जैन ने बताया कि सामान्यतः होली पर इस्तेमाल होने वाले गुलाल एवं रंगों में रसायनों का इस्तेमाल होता है, ऐसे में अस्थमा के मरीज होली खेलने से बचें। मधुमेह के मरीज यथा संभव मीठा खाने से बचें। मॉस्क पहनकर ही बाहर निकले इससे वातावरण में फैले रंगों एवं रसायनों से बचाव होगा। निर्जलीकरण से बचने के लिए पानी पीते रहें। होली खेलते वक्त इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये कि रंग एवं गुलाल आंखों व मुँह में न जाये। रंग के आंखों में जाने पर साफ पानी से तब तक धोते रहे जब तक निकल न जाये। आंखों में जलन बने रहने पर चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें। इसी प्रकार मुँह में रंग के जाने पर तुरंत थूकें। साफ पानी से कुल्ला करें, और खूब पानी पिये। यथा संभव हर्बल गुलाल एवं रंगों का ही इस्तेमाल करें। सेहत की दृष्टि से घर पर ही बनी मिठाईयों का सेवन करें। तले, मसालेदार खाद्य पदार्थों का सीमित मात्रा में ही सेवन करें अन्यथा पेट में संक्रमण से पेट दर्द, ऐंठन, उल्टी जैसी परेशानियां हो सकती है।

## कम्बाईन हार्वेस्टर संचालकों की बैठक सम्पन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

**दमोह ।** कम्बाईन हार्वेस्टर संचालकों की बैठक का आयोजन कार्यालय सहायक कृषि यंत्री दमोह में किया गया। बैठक में कम्बाईन हार्वेस्टर संचालकों को उक्तानुसार निर्देशित करते हुए कहा कोई भी कम्बाईन हार्वेस्टर बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर के जिले में संचालित नहीं किया जाएगा। कोई भी कम्बाईन हार्वेस्टर बिना स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम या स्ट्रा रीपर के संचालित पाए जाने पर संचालक के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी। राजस्व सीमा में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश से सभी को अवगत कराया गया। नरवाई में आग लगाने की घटनाओं की रोकथाम हेतु स्थापित कंट्रोल रूम, निगरानी दल एवं दमोह हैल्पलाइन नंबर के विषय में सभी को अवगत कराया गया। 06 हार्वेस्टरों पर मोटरयान नियमों/अधिनियमों के तहत कार्यवाही की गई।

## नगर में देर-रात तक होता रहा होलिका दहन आज उड़ेगा रंग गुलाल

**तेंदूखेड़ा।** गुरुवार को बुराई की प्रतीक होलिका दहन के बाद शुक्रवार को उमंग उत्साह के साथ रंग अबीर की बौछारें छूटेंगी लोग एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर राग-द्वेष भूल जाएंगे ।गुरुवार को तेन्दूखेड़ा नगर सहित ग्रामीण अंचलों में होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। धुरेड़ी के एक दिन पूर्व रात को जगह जगह स्थापित होलिका की पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया गया। इसके अलावा घरों घर कंडों की बनी छोटी-छोटी मालाओं की बनी होलिका का सार्वजनिक स्थानों की होली की आग लाकर दहन किया गया। दूसरे दिन शुक्रवार को धुरेड़ी के दिन शहर एवं ग्रामीण अंचलों में छोटे-छोटे बच्चों एवं युवा वर्ग ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली खेली गई। पूर्व में जो होली खेली जाती थी उतना उत्साह अब धुरेड़ी पर दिखाई नहीं देता। धुरेड़ी पर लोग शोक संतप्त परिवारों में गुलाल लगाकर शोक संवदेना देना प्रमुख समझते हैं। वहीं असली होली के रंग अब रंगपंचमी पर दिखते हैं

# पटेरा में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**पटेरा।** होली धुरैडी रंग पंचमी व अन्य पर्वो को सदभाव भाईचारे से मनाने एवं कानून व्यवस्था का पालन करने का संदेश देते हुये पटेरा पुलिस ने थाना प्रभारी सरोज ठाकुर के नेतत्व में नगर की मुख्य बस्ती से होकर व मुख्य बाहरी सड़क से पैदल मार्च निकाला। पुलिस के सायरन बजाते वाहन व पुलिस बल के इस मार्च पास्ट से नगर में उत्साह बना रहा। मार्च पास्ट में थाना प्रभारी के साथ उप निरीक्षक महोदय, सहायक उपनिरीक्षक मुसिफ खान, महेश उपाध्याय सहित पुलिस बल शामिल रहा। थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में पुलिस सक्रिय है व असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखे हुये है।

## होली एवं रमजान पर्व को लेकर पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



**हिण्डोरिया।** सन्निकट होली, धुडेरी, रंगपंचमी एवं रमजान पर्व को लेकर क्यूआरएफ की टीम एवं पुलिस की संयुक्त टीम व्दारा टीआई अमित मिश्रा, हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, बांदकपुर चौकी प्रभारी बीएस हजारी के नेतृत्व में नगर की सड़कों से फ्लेग मार्च निकाला गया। इस सम्बन्ध मे पूछने पर थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि सभी धर्म संप्रदाय के लोग अपने पर्व अपनी आस्था , विश्वास के साथ अमन, शांति , सद्भाव एवं भाईचारा के साथ मनाएं। साथ ही सभी कानून के राज का पालन करें । इसी उद्धेश्य को लेकर फ्लैग मार्च निकाला गया।

## होली एवं रंगपंचमी के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें-कलेक्टर

**दमोह।** होलिका दहन, धुरेड़ी (होली) एवं रंग पंचमी के दौरान आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिये कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर की मौजूदगी में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, अपर कलेक्टर, एडीशनल एसपी, एसडीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण एवं शांति समिति के सम्मानीय सदस्य मौजूद थे। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा जिला प्रशासन पूर्व वर्षो की भांति पर्वो को शांति, सद्भावना से मनाये जाने के लिये तत्पर है। इस संबंध में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा है 13 मार्च को होलिका दहन, 14 मार्च को होली (धुरेड़ी) एवं 19 मार्च को रंगपंचमी का पर्व मनाया जायेगा इन अवसरों पर जिले में विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन, होली मिलन समारोह , रंग उत्सव एवं अन्य सामूहिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। पर्वो के दौरान विशेष रूप से धार्मिक स्थलों, प्रमुख चौक-चौराहों, संवेदनशील स्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर बड़ी संख्या में नागरिकों का एकत्रीकरण संभावित है। पर्व के अवसर पर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था, जनसुरक्षा तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने अनुविभागीय दण्डाधिकारियों से कहा होलिका दहन स्थलों की सूची तैयार की जाये, सड़कों, हाई टेंशन लाइनों के नीचे एवं ट्रांसफार्मर के पास होलिका दहन न किया जाये, ऐसे स्थान जहां, होलिका दहन से यातायात या जनसुरक्षा प्रभावित हो सकती है, वहां वैकल्पिक स्थलों पर निर्धारण किया जाये। उन्होंने निर्देशित किया होलिका दहन के पूर्व राजस्व, पुलिस एवं नगर पालिका/ग्राम पंचायत द्वारा सभी होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया जाये कि सभी सुरक्षा मानकों का पालन हो रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं एवं एंबुलेंस व्यवस्था, प्राथमिक उपचार एवं चिकित्सा कर्मियों की तैनाती तथा खाद्य सुरक्षा, जनस्वास्थ्य एवं मिलावट की रोकथाम पर सर्तकता बरती जाये।

# सृष्टि को बदलना हिंसा और दृष्टि को बदलना अहिंसा है: मुनिश्री प्रबुद्ध सागरजी महाराज



**बनवार।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिस्य मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज एवं मुनि श्री निर्दोष सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में और बाल ब्र.सुमत भैया भोपाल विकास जैन ,संभव जैन के निर्देशन में 7 मार्च से 15 मार्च तक सिद्ध चक्र महामंडल विधान और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुनि श्री प्रबुद्ध सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा.... सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की परिपाटी को अपनाना चाहिए, और कहा हिंसा का त्याग करके अहिंसा को अपनाना चाहिए। हिंसा का संकल्प नहीं लिया जाता है बल्कि संकल्प इस बात का लिया जाना चाहिए कि मैं किसी जीव की हिंसा नहीं करूंगा। पंच इंद्रिय जीवो व मूक प्राणियों के प्रति दया करुणा का भाव रख के उनकी सेवा का संकल्प लेना चाहिए। धर्म तो समन्वय की विचारधारा से चलता है और समन्वय का दृष्टिकोण ही अहिंसा का मार्ग है। समन्वय में ही धर्म का सार है विग्रह में नहीं, हमारा दृष्टिकोण अच्छा होना चाहिए। यही हमारी सुख और शांति का कारण बनता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य अजीत जैन, मालती जैन बरगी, द्वितीय शांति धारा का सौभाग्य पदमचंद जैन पिंटू जैन प्रशांत और शास्त्र दान रजनीश जैन, प्रिंस जैन, और महाआरती डा जिनेंद्र जैन, दीपक जैन को प्राप्त हुई। इस अवसर सकल जैन समाज सगरा, रीक्षई और समस्त चौबीसा की जैन समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

# भाईचारे की भावना, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है होली पर्व



**दमोह।** गुरूवार को टाइम्स पब्लिक स्कूल में होली का पर्व बडे ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किंडरगार्डन क बच्चें रंग बिरगें कपडे पहनकर विद्यालय आये। इसके पश्चात विद्यालय के प्रांगण में होलिका दहन के साथ होली से संबधित पौराणिक कथा से किंडरगार्डन के छात्रों को सम्वयक श्रीमति सूर्या ठाकुर के द्वारा अवगत कराया गया। बाद में अबीर और गुलाल लगाकर छात्रों ने शिक्षको के साथ जमकर होली खेली। साथ ही बच्चों को स्वलपाहार के रूप में विद्यालय के संचालक श्री महोदय श्री सुशील गुप्ता, श्रोमति सुनीता गुप्ता के द्वारा बच्चो को सलौनी एवं मठरी अपने हाथों से बच्चो को खिलाई। साथ ही बच्चो को टोपी एवं मुखौटे प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में शाला के प्राचार्य अजय मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षा के लिए प्लास्टिक के रंगो को उपयोग न करने और पानी के बचाव में विशेष रूप से बताया गया और सभी छात्रों एवं शिक्षको को होली की शुभकामनाये दी। इस अवसर पर होली का रंग बिरंगा लिखित संदेश लेकर बच्चे अपने घर गये। कार्यकम को सफल बनाने में शाला के सभी शिक्षको का सहयोग रहा।

# होली पर्व देखते हुए सिंग्रामपुर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंग्रामपुर

होली रंगपंचमी पर्व को ध्यान में रखते हुए जबेरा थाना की सिंग्रामपुर पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया होली पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो इसको लेकर पुलिस सड़कों पर निकली सिंग्रामपुर चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे के नेतृत्व में रानी दुर्गावती तिराहा मुख बाजार होते हुए गुबरा सिंगपुर भजिया पौंडी कोंडा विभिन्न ग्रामों में पुलिस ने फ्लैग मार्च किया। गांव गांव में पर्व पर शांतिपूर्ण तरीके संपन्न करवाने के उद्देश्य पुलिस ने यह फ्लैग मार्च निकाला है। संवेदनशील इलाकों पुलिस ने अपनी मौजूदगी दर्शाते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आपराधिक तत्वों पर पैनी नजर बनाए हुए। पर्व में शांति व्यवस्था को भंग करने की स्थिति में किसी को नहीं बक्शा जायेगा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस ने यह संदेश दिया है। ब्लैक मार्च के दौरान चौकी प्रभारी आलोक तिरपुडे, प्रधान आरक्षक जालम रणधीर, संतोष आरक्षक राम मनोहर दिलीप सैनिक शिवप्रसाद महिला आरक्षक सारिका सहित पुलिस बल्कि मौजूदगी रही।

# ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों के विरूद्ध सौंपा ज्ञापन

## शराब के नशे में पहुंची पुलिस, संदेही के साथ बेहरमी से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



तेंदूखेड़ा थाने में दोपहर के समय बड़ी संख्या में ग्राम के लोग तेंदूखेड़ा थाने पहुंचे उन्होंने पहले तेंदुखेडा एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा उसके बाद एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर आप बीती बताई बाद में उचित आश्वासन नहीं मिला तो सभी ग्रामीण दमोह पुलिस अधीक्षक के पास पहुंचे।

### ये है मामला

तेंदूखेड़ा थाने अतर्गत ग्राम उमरिया ओरियामॉल में तीन चार दिन पहले एक महिला ने तेंदूखेडा थाने आकर शिकायत की थी। महिला ने बताया था कि उनके घर से कुछ जेवर चोरी हुए है पुलिस उस मामले की जांच पड़ताल के लिए गई थी। लेकिन जो पुलिस कर्मी गये वह अत्यधिक शराब के नशे में थे और उन्होंने उस युवक को वही बेहरमी से मारा जिस पर उनको संदेह था। मारपीट में युवक का हाथ भी टूट गया। उसी दौरान ग्राम की महिला पुरुष नाबालिक लड़कियों को भी पुलिस ने शराब के नशे में गली गलौज की और बाद में बुधवार की शाम उसको लेकर तेंदूखेडा थाने आ गये जिसको आज भी पुलिस बंद किए हुए है। गुरुवार को उमरियामॉल से लगभग आधा सैकड़ा ग्रामीण आए और तेंदूखेडा एसडीओपी के पास पहुंचे जिन्होने बताया कि ग्राम में चोरी हुई वह बात अलग है। मगर पुलिस शराब के नशे में क्यों गई और आरोप सिद्ध नहीं है। उसके बाद भी गोरेलाल की बेहरमी से पिटाई क्यों की। साथ ही अन्य ग्रामीणों में महिलाओं नाबालिक बेटियों ने कहा हमलोग तो ग्राम के है। हमलोगो को भी गंदी गंदी गाली दी जो पूरी तरह गलत है। इसलिए पुलिस कर्मियों और डायल सो के चालक पर कार्यवाही की जाये। रामसखी आदिवासी रक्षा आदिवासी ने बताया शराब के नशे में पुलिस कर्मी जिस समय गोरेलाल की बेहरमी से पिटाई कर रहे थे। हम लोग देख रहे थे। गोरेलाल को लाठियों ने बहुत मारा उसके बाद हमलोगो को गंदी गंदी गाली दी जबकि हमलोगो का कोई मामला ही नहीं था। इसलिए उन पुलिस कर्मियों पर कार्यवाहीं की जाये। घनश्याम आदिवासी तुलसीराम गौड़ गिरन गौड़ ने बताया कि गोरेलाल ने कोई चोरी नहीं की है। पूरा गांव उसका गवाह है और यदि चोरी की शिकायत हुई थी तो पुलिस को बीच ग्राम में मारपीट करने का अधिकार किसने दिया। गोरेलाल की बेहरमी से मारपीट की दर्जनों लोग मौके पर मौजूद थे। एसडीओपी के बाद ग्रामीण महिला और नाबालिक बेटियों के साथ तहसील पहुंचे वहां पर तेंदूखेडा तहसीलदार को पूरी घटना से अवगत कराया। तहसीलदार ने महिलाओं और नाबालिक बेटियों से पूरी घटना की जानकारी ली और बाद में तेंदूखेड़ा टीआई से फोन पर बात कर उन लोगों पर कार्यवाही करने की बात कही जिन्होंने नाबालिक बेटियों और महिलाओं से अशब्दो का प्रयोग किया है। इस मामले में तेंदुखेडा एसडीओपी डीएस ठाकुर ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया ओर मामले की जांच करने की बात कही। वहीं तेंदूखेड़ा तहसीलदार विवेक व्यास ने कहा में अभी पूरे मामले से तेंदूखेड़ा एसडीएम को अवगत कराया हू और कलेक्टर को भी एसडीएम के माध्यम से अवगत कराया जायेगा।